समागम-रिपोर्ट

दिनांक 16,17,18 जनवरी को अंतरमहाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम कार्यक्रम का उद्घाटन महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री असीम अरुण समाज कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता ने फूलों का गुलदस्ता देकर माननीय मंत्री जी का स्वागत किया एवं इस कार्यक्रम कीप्रभारी डॉ रीना गुप्ता जी ने माननीय मंत्री जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया एवं क्षेत्रीयउच्च शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कुमार जी ने शाल पहनाकर मंत्री जी का स्वागत किया डॉ अजीत जी ने माला पहनाकर मंत्री जी का स्वागत किया माननीय मंत्री जी ने स्काउट गाइड का ध्वज शिष्टाचार किया एवं परेड सलामी भी की। माननीय मंत्री जी ने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं की भरपूर प्रशंसा की एवं उनको अनुशासन में रहने पर बल दिया स्काउट गाइड के कमिश्नर कामिनी श्रीवास्तव मंत्री जी को स्काउट गाइड का स्कॉर्फ पहनाकर उनका स्वागत किया पहले दिन रेंजर्स प्रतिभागिता में बच्चों की परेड, रोलप्ले, नुक्कड़ नाटक, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता हुई इस कार्यक्रम में नेशनल कॉलेज दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ, सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय लखनऊ एवं महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स टीमों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुमन गुप्ता द्वारा किया गया इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थिति रही एवं अन्य महाविद्यालयों से प्राध्यापकों की भी प्रतिभागिता रही ।

महाविद्यालय समागम में रोवर्स रेंजर्स ने सभी को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

जासं, लखनऊ : अंतर महाविद्यालय समागम कार्यक्रम में रोवर्स रेंजर्स ने सभी को अनुशासन में रहने का पाठ पढ़ाया। पहले दिन रेंजर्स प्रतिभागिता में बच्चों की परेड, रोल प्ले, नुक्कड़ नाटक, निबंध व क्विज प्रतियोगिताएं हुईं। नेशनल कालेज, दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ, सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय लखनऊ व महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ परिसर में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने दीप जलाकर तीन दिवसीय समागम का शुभारंभ किया। मंत्री ने स्काउट गाइड का ध्वज शिष्टाचार करके परेड सलामी की। उन्होंने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनको अनुशासन में रहने पर बल दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी डा. रीना गुप्ता व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार, डा. अजीत व स्काउट गाइड कमिश्नर कामिनी श्रीवास्तव स्कार्फ पहनाकर मंत्री का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. गुप्ता ने किया. यहां पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण • जागरण

तमिलनाडु के खिलाफ मजब

सीके नायडू क्रिकेट ट्राफी

में संकट ... से निर्मित कराए गए मंदिर से सोमवार को पहले वकीलों द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित कराए गए मंदिर से सोमवार को पहले हनुमान जी की मूर्ति के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पुरोहित द्वारा मंत्रोचार और पूजा पाठ के साथ मूर्ति स्थापित की गई। एसडीएम सिद्धार्थ कुमार, तहसीलदार मीनाक्षी द्विवेदी, नायब तहसीलदार अविनाश रावत आदि मौजूद रहे।

महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स समागम के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण।

जीवन को सही दिशा में ले जाता है अनुशासन

लखनऊ। महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालय रोवर्स रेंजर्स समागम का उद्घाटन हुआ। यहां मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण रहे। उन्होंने अपने भाषण में छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनको अनुशासन में रहने पर बल दिया। असीम अरूण ने कहा कि अनुशासन हमारे जीवन को सही दिशा में ले जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता ने मंत्री का स्वागत किया।

भाजपा महानगर महिला मोर्चा ने रंगोली बनाई

लखनऊ। भाजपा महानगर महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंडल स्तर पर जगह जगह रंगोली बनाई। रंगोली में जी-20 लोगो बनाया। भाजपा मीडिया प्रभारी